# अश्विनी वैष्णव ने 101 रेलवे अधिकारियों को 69वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार और विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 22 जोन को शील्ड प्रदान किए

**केंद्रीय मंत्री ने भारत में रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव देने के लिए सुरक्षा, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण पर तीन गुना अधिक ध्यान देने का आह्वान किया**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर 2024

केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में 101 रेलवे अधिकारियों को 69वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार और विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 22 जोन को शील्ड प्रदान किए। दिल्ली। इस समारोह में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य तथा विभिन्न रेलवे जोन और उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक उपस्थित थे।

केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने, पुरस्कार और शील्ड प्रदान करने के बाद उपस्थित सम्मानित लोगों को संबोधित करते हुए, सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके असाधारण कार्य और प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने पिछले एक दशक में भारतीय रेलवे में हुई परिवर्तनकारी प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने निर्माण की तीव्र गति, कश्मीर से कन्याकुमारी रेल लिंक जैसी परियोजनाओं को पूरा करने और पूर्वोत्तर कनेक्टिविटी पहलों का उल्लेख किया । 2025 तक 100त्न विद्युतीकरण के लक्ष्य के साथ विद्युतीकरण के प्रयासों में तेजी आई है, जबकि वंदे भारत, नमो भारत और माल ढुलाई गलियारों जैसी परियोजनाओं ने गति पकड़ी है। कवच सुरक्षा प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू किया गया है। श्री वैष्णव ने स्टेशन पुनर्विकास में उल्लेखनीय प्रगति, परिणामी दुर्घटनाओं में पर्याप्त कमी (345 से 90 तक) और शिकायतों से मुक्त कुशल भर्ती प्रक्रिया, 1.5 लाख पदों को भरने का उल्लेख किया । उन्होने बताया कि रेलवे में स्वच्छता पहलों की प्रशंसा की गई है, जिसमें विपक्षी नेताओं की प्रशंसा भी शामिल है, और एक नया सुपर ऐप जल्द ही यात्रियों के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है।




श्री वैष्णव ने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए सुरक्षा, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण में प्रयासों को तीन गुना करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने रखरखाव नवाचार पर महत्वपूर्ण ध्यान देने की घोषणा की, जिसमें उद्योग सहयोग, उन्नत निरीक्षण प्रणाली और अधिकारियों और तकनीशियनों के लिए बेहतर प्रशिक्षण शामिल है, जिसमें जमीनी स्तर से फीडबैक शामिल है। सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है, अगले वर्ष जीरो डिरेलमेंट वाली ज़ोन जैसी पहलों को शील्ड और वित्तीय पुरस्कारों से प्रोत्साहित किया जाएगा । उन्होंने सतत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक, नीति सुधारों और संरचनात्मक परिवर्तनों के एकीकरण पर जोर दिया। ÷राष्ट्र प्रथम, सदाव प्रथम÷ के लोकाचार पर विचार करते हुए, मंत्री ने रेलवे को उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में बनाए रखने के लिए अद्वितीय टीमवर्क और अथक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने अगले साल से उत्कृष्ट एसएमक्यूटी (सबसे सुरक्षित, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण) प्रथाओं के माध्यम से रेलवे की कार्य संस्कृति में उत्कृष्टता लाने के लिए शील्ड के साथ वित्तीय पुरस्कारों की भी घोषणा की।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ श्री सतीश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में भारत में रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव के साथ-साथ किफायती रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नई दिल्ली में प्रगति मंडपम में सभा को संबोधित करते हुए, सीआरबी ने कहा कि ÷गति, आराम और सुरक्षा÷ के सिद्धांतों में उत्कृष्टता यानी ÷गति, आराम और सुरक्षा÷ हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक को शामिल कर रहे हैं। सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सतर्कता की संस्कृति विकसित करने के लिए रेलवे अधिकारियों की प्रशंसा की।

अमृत भारत स्टेशन जैसी परियोजनाएं, लिफ्ट, एस्केलेटर और दिव्यांगजनों के अनुकूल बुनियादी ढांचे सहित विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ स्टेशनों को बदल रही हैं।

श्री कुमार ने रेलवे के भीतर बेजोड़ टीमवर्क को स्वीकार किया और बड़े पैमाने पर परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में सच्चे नेतृत्व की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रेलवे निर्बाध गति, आधुनिकीकरण और भारत के लोगों की सेवा के प्रति समर्पण के माध्यम से उत्कृष्टता और प्रगति का प्रतीक है। भारतीय रेलवे हर साल अपने कर्मचारियों को अति विशिष्ट रेल पुरस्कार प्रदान करता है। ये पुरस्कार दो श्रेणियों में दिए जाते हैं, व्यक्तिगत पुरस्कार और साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रेलवे ज़ोन को शील्ड प्रदान की जाती है। व्यक्तिगत पुरस्कार भारतीय रेलवे को अधिक कुशल, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल संगठन बनाने की दिशा में रेलवे कर्मियों के समर्पण, कड़ी मेहनत और असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया जाता है ।

## डेढ़ मिनट में बाइक छूमंतर, ऑन डिमांड करते चोरी; नोएडा पुलिस ने 4 शातिर चोरों को यूं दबोचा

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने रेकी करने के बाद महज 90 सेकेंड यानि डेढ़ मिनट के भीतर बाइक चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर सरगना समेत चार आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से नौ बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि शहर के अलग-अलग हिस्सों से दोपहिया वाहन चोरी होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसके चलते सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने शुक्रवार को जांच अभियान चलाया और एक ऐसे गिरोह का पकड़ लिया, जो वाहन चोरी की वारदात करने की फिराक में घूम रहा था। गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान रायपुर निवासी संजय कुमार, कार्तिक और सुमित व छलेरा निवासी आदित्य के रूप में हुई है। संजय



गिरोह का सरगना है। संजय की आयु 28 वर्ष है, जबकि अन्य तीनों बदमाशों की आयु 19 साल है। संजय ने पहली वाहन चोरी साल 2016 में की थी। आरोपी महज पांचवीं से आठवीं पास हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को अपने कई अन्य साथियों के नाम भी बताए। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्त में आए चारों बदमाश अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। गिरोह का सरगना बीते आठ सालों से वाहन चोरी की वारदात कर रहा है। बरामद नौ बाइक में से तीन बाइक का पता चल गया है कि वे कहां से चुराई गई थीं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया वे बीते कुछ महीने में 20 से अधिक वाहनों की चोरी कर चुके हैं। चोरी की वारदात के लिए गिरोह के सदस्यों का काम बंटा हुआ था। गिरोह का सरगना संजय पहले किसी अन्य गिरोह से जुड़ा था और वाहनों की चोरी करता था। कुछ समय पहले वह गिरोह से अलग हुआ और अपना खुद का गिरोह बना लिया। उसने गिरोह में ऐसे युवकों को जोड़ा, जो बेरोजगार हों और नौकरी की तलाश कर रहे हों। युवकों से दोस्ती करने के बाद संजय उनसे वाहनों की चोरी कराने लगता था। आदित्य, कार्तिक और सुमित को संजय ने कुछ महीने पहले ही गिरोह से जोड़ा था। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ऑन डिमांड वाहनों की चोरी करते थे। अगर कोई व्यक्ति कह देता था कि इस कंपनी और कलर की बाइक उन्हें इतने दाम में चाहिए तो आरोपी 15 दिन में उसे उसी प्रकार की बाइक चोरी कर उपलब्ध करा देते थे। चोरी की बाइक आरोपी दस से 25 हजार रुपये में बेचते थे। सरगना सबसे ज्यादा 40 प्रतिशत पैसा लेता था।

## यूक्रेन के अमेरिकी मिसाइल इस्तेमाल से भड़का रूस ! पुतिन ने कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले से हिला दिए 6 देश

**मास्को एजेंसी।**
रूस और यूक्रेन के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए। हमले से कई दूतावास और इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। यूक्रेन द्वारा अमेरिकी मिसाइल का इस्तेमाल करने के बाद रूस ने इस हमले को अंजाम दिया। रूस ने दावा किया कि यह हमला यूक्रेन के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया, ताकि यूक्रेन के हालिया हमलों का जवाब दिया जा सके।



रूस ने कीव पर 5 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं और यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने इन सभी मिसाइलों को नष्ट कर दिया। यूक्रेनी वायु सेना के मुताबिक, 40 ड्रोन भी मार गिराए गए, जबकि 20 ड्रोन अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सके। हालांकि, मिसाइल और ड्रोन के मलबे से कई लोग घायल हुए। रूस ने हमले में इस्कंदर मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया। इस हमले से कीव में 630 आवासीय भवन, 16 चिकित्सा केंद्र और 30 स्कूल व किंडरगार्टन में हीटिंग सिस्टम ठप्प हो गए। मलबे से कई क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचा, जिसमें एक कार्यालय, गैस पाइप और सड़कें शामिल हैं। 5 कारें जलकर खाक हो गईं, और एक निर्माणाधीन इमारत में आग लग गई।

यूक्रेनी विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में अल्बानिया, अर्जेंटीना, फिलीस्तीन, उत्तर मकेडोनिया, पुर्तगाल और मोंटेनेग्रो जैसे कई देशों के दूतावासों को नुकसान पहुंचा। दूतावासों की खिड़कियां और दरवाजे टूट गए। पुर्तगाल ने रूस के चार्जड को विरोध दर्ज कराने के लिए बुलाया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह यूक्रेन के रोस्तोव क्षेत्र में किए गए मिसाइल हमले का जवाब था।

रूस ने कहा कि यह हमला पश्चिमी समर्थकों द्वारा यूक्रेन को दी जा रही मदद का भी प्रतिकार है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने रूस पर सख्त प्रतिबंध लगाने की मांग की औअंतरराष्ट्रीय समुदाय को धन्यवाद दिया, जिन्होंने यूक्रेन को अधिक वायु रक्षा प्रणालियां देने का भरोसा दिलाया। इस बीच, रूस ने खेरसोन शहर पर भी भारी गोलाबारी की, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए।

## यूरोप को कूटनीति के जरिए शांति बहाली को प्राथमिकता देनी चाहिए : बल्गेरियाई राष्ट्रपति

**सोफिया, एजेंसी।** बुल्गारिया के राष्ट्रपति रूमेन रादेव और हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने बुल्गारिया की राजधानी सोफिया में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने यूरोप में शांति बहाल करने और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। हंगरी और यूरोप के विकास के दृष्टिकोण और भू-राजनीतिक चुनौतियों के आकलन के लिए ओर्बन की सराहना करते हुए रादेव ने कहा कि बुल्गारिया इस विश्वास से सहमत है कि यूरोप को कूटनीति के माध्यम से शांति की बहाली को प्राथमिकता देनी चाहिए। रादेव ने आगे कहा कि शांति के बिना सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक स्थिरता पहुंच से बाहर है। साथ ही उन्होंने यूरोपीय नेताओं से इस लक्ष्य को प्राथमिकता देने की अपील की। इस दौरान दोनों नेताओं ने निवेश, उद्योग और वित्त में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा करते हुए पूरे यूरोप के आपसी लाभ के लिए संबंधों को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की भी पुष्टि की। इस दौरान रादेव ने कहा, विक्टर ओरबान और मैं यह सुनिश्चित करने के अपने संकल्प में एकजुट हैं कि हमारे संबंध सफलतापूर्वक आगे बढ़ते रहें। उन्होंने दोनों देशों के होने वाले ट्रेड को भी मजबूत करने की अपील की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की एक रिपोर्ट के अनुसार, रादेव ने ऊर्जा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार बनने के लिए बुल्गारिया की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिसमें विविधीकरण और मध्य और पूर्वी यूरोप के लिए संसाधन आपूर्ति को सुरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रधानमंत्री ओर्बन ने हंगरी के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को ईंधन आपूर्ति में बुल्गारिया की सहायता का भी उल्लेख किया। ये परमाणु ऊर्जा संयंत्र हंगरी की ऊर्जा नीति का एक आधार है, जो क्षेत्रीय अस्थिरता के कारण बुल्गारिया की सहायता के बिना संभव नहीं था। दोनों नेताओं ने ऊर्जा क्षेत्र, रक्षा और बुनियादी ढांचे में संयुक्त उद्यमों सहित द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के लिए रास्ते भी तलाशे। प्रधानमंत्री ओर्बन ने बुल्गारिया में हंगरी के निवेशकों की संभावनाओं पर जोर दिया, खासकर अक्षय ऊर्जा और रणनीतिक परियोजनाओं में, और बुल्गारियाई व्यवसायों को हंगरी में अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए खुला निमंत्रण दिया। दोनों नेताओं ने ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर पहल के माध्यम से घनिष्ठ संबंधों की संभावना पर भी चर्चा की, जिसमें बुल्गारिया की भागीदारी दोनों देशों के लिए टिकाऊ ऊर्जा समाधानों में बदलाव के नए अवसरों का वादा करती है।



## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर: सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में कांग्रेस के नेता लमतिनथांग हाओकिप और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ समुदायों के बीच नफरत फैलाने के इरादे से सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा के प्रदेश महासचिव के. सरतकुमार सिंह द्वारा इंफाल थाने में दो लिखित शिकायतों के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट कुकी समुदाय के वार्षिक फसल उत्सव 'चवांग कुट' से संबंधित थे। अपनी शिकायत में सिंह ने कहा, ''लमतिनथांग हाओकिप का बयान सीधे तौर पर राज्य में रहने वाले विभिन्न समुदायों, खासकर मेइती और कुकी जो समूहों को भड़काने वाला है। यह बयान दुश्मनी, घृणा या दुर्भावना की भावनाएं पैदा करता है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। हाओकिप ने प्राथमिकी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा किया कि यह कदम राज्य में जातीय हिंसा को रोकने में भाजपा की ''विफलता'' से ध्यान हटाने की एक चाल है। हाओकिप ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अगर आपमें हिम्मत है, तो दूसरों पर उंगली उठाने से पहले हालात ठीक करें।

### चंडीगढ़ में विवाह समारोह में शामिल हुए राहुल गांधी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को यहां एक वरिष्ठ अधिवक्ता की बेटी की शादी में शामिल हुए। गांधी शुक्रवार की दोपहर चंडीगढ़ पहुंचे और पार्टी की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने उनकी अगवानी की। लक्की के साथ, लोकसभा में विपक्ष के नेता बाद में शहर के बाहरी इलाके में स्थित विवाह स्थल पर पहुंचे। लक्की ने बाद में 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गांधी चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में पंजाब के मोहाली जिले के एक रिसॉर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता आर एस चीमा की बेटी की शादी में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि पंजाब के पूर्व महाधिवक्ता आर एस चीमा ने राहुल गांधी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि चीमा की बेटी की शादी थी और गांधी उसमें शामिल होने यहां आए थे। उन्होंने कहा कि शादी में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता दिल्ली लौट गए। लक्की ने बताया कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा भी इस समारोह में मौजूद थे।

### 3 दिनों तक आंबेडकर से माफी मांगें; गुजरात के वकील ने किया अमित शाह का विरोध

**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान का असर उनके गृह राज्य गुजरात में भी देखने को मिल रहा है। गुजरात बार काउंसिल (बीसीजी) के अहमदाबाद से एक सदस्य परेश वाघेला ने 30 दिसंबर को बीसीजी द्वारा आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इस कार्यक्रम में अमित शाह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। वाघेला ने कहा कि यदि अमित शाह अपनी कथित अपमानजनक टिप्पणियों के लिए आंबेडकर से माफी नहीं मांगते तो वह कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा, आपने उस व्यक्ति का अपमान किया है जिनके नेतृत्व में संविधान तैयार हुआ था। आपको तीन दिनों तक माफी मांगनी होगी। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो मैं उस कार्यक्रम में क्यों रहूं जिसमें आप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं आपको बता दें कि गुजरात बार काउंसिल ने 30 दिसंबर को विज्ञान भवन, साइंस सिटी अहमदाबाद में नए वकीलों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में 6,000 नए वकील शपथ लेंगे। वाघेला ने कहा, मैंने यह निर्णय एक दलित और आंबेडकरवादी के रूप में लिया है। इसका कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। मेरे जज्बातों को ठेस पहुंची है, इसलिए मैंने यह फैसला लिया है। इस बीच बीसीजी के अध्यक्ष जेजे पटेल ने वाघेला पर आरोप लगाया कि वह राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वाघेला कांग्रेस के समर्थक हैं। वह कांग्रेस के कानूनी प्रकोष्ठ के एक पदाधिकारी हैं। अगर वह राजनीतिक विरोध करना चाहते हैं, तो यह उनका अधिकार है, लेकिन इसे बीसीजी के मंच से नहीं किया जाना चाहिए। पटेल ने यह भी कहा कि वाघेला बीसीजी की सभी बोर्ड बैठकों में उपस्थित थे, जहां यह निर्णय लिया गया था।

### वैज्ञानिकों ने पदार्थ की नई रहस्यमयी व अजीबोगरीब अवस्था की खोज की ! भैतिकी जगत में मच गई हलचल

**लंदन, एजेंसी।** वैज्ञानिकों ने पदार्थ की एक नई और रहस्यमयी अवस्था खोजी है। यह खोज एक विशेष सामग्री पाइरोक्लोर सेरियम स्टैनेट ) में की गई है। रहस्यमयी अवस्था को क्वांटम स्पिन लिक्विड कहा जा रहा है।इस खोज में वैज्ञानिकों ने स्पिनॉन्स नामक विशेष कणों का पता लगाया है। ये कण चुंबकीय चार्ज को दो हिस्सों में बांट सकते हैं। स्पिनॉन्स ऐसे व्यवहार करते हैं जैसे वे क्वांटम टैग नामक खेल में फंसे हों। ये कण प्रकाश जैसी तरंगें भी अदल-बदल करते हैं, जो सामान्य भौतिकी नियमों को चुनौती देती हैं। यह खोज विज्ञान की दुनिया को दिखाती है कि भौतिकी के नियम कितने जटिल और रोचक हो सकते हैं।


**किराए के लिए ख़ाली है**

1-3600 वर्ग फुट कमर्शियल हॉल सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी काम्प्लेक्स फ़रीदाबाद में।
2-1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड टी सी काम्प्लेक्स सेक्टर 10 फ़रीदाबाद में ।
3 - टू बेड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में ।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेकंड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फ़रीदाबाद में ।
इच्छुक ब्यक्ति फ़ोन नंबर 9999446252,,9811157562 पर संपर्क करें ।



**- सूचना -**

फ़रीदाबाद ज़िला में भेदीनज़र समाचारपत्र में अपने समाचार,विज्ञापन देने और अख़बार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें -
1-गोपाल न्यूज़ एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बल्लभगढ़
मोबाइल नम्बर-9811477 204
2-नरेंद्र बुक्स शाप
मूँगफली चौक ऐन.आई. टी. नम्बर -5 फ़रीदाबाद
मोबाइल नम्बर : 9810229192
3-दीक्षित न्यूज़ एजेन्सी ओल्ड फ़रीदाबाद
मोबाइल-98111 59238



**छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा**
आज ही स्पेस बुक कराएं
कॉल करें
0120-4152063,
9811157 562



नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नजर पढ़िए, समय के साथ चलिए
**सुनहरा मौका** वार्षिक ग्राहक बनिए और
वीआईपी एल्फा सूटकेस कीमत रु. 900 प्राप्त करिए
भेदी नजर समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए
और अन्य आकर्षक उपहार के लिए
**बम्पर ड्रा**
पहला इनाम

एक हीरो बाईक
दूसरा इनाम

एक सोनी एलसीडी 32 इंच व अन्य आकर्षक ईनाम
तीसरा इनाम

बीस मोबाईल फोन
- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेगा तो उसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2024 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम
- हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नजर के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते है।
- भेदी नजर प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।



आर.एन.आई. नं.
HAR/HIN/2011/43680
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
**उमा पब्लिकेशनस्**
प्लाट न. 3/1 टी.सी.सी. कॉम्पलेक्स सेक्टर - 10
फरीदाबाद से प्रकाशित एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस
ई-33 सेक्टर -7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
**उमा शर्मा**
प्रधान संपादक
**गिरीश चन्द्र शर्मा**
फोन नं. -
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा ।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की ज़िम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान ,संपादक और प्रधान संपादक क़ानूनन ज़िम्मेदार नहीं होगा